14.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ राज्य सरकार ने 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं के लिए विशेष सहायता पैकेज को मंजूरी दी।

○ केन्द्र सरकार एक लाख करोड़ रूपये की केन्द्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फण्ड शुरू करेगी।

○ केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–सरकार का लक्ष्य महिलाओं को काम के लिये सुरक्षित माहौल और समान अवसर देना है।

○ जोधपुर में जलवायु परिवर्तन उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना के लिए आईआईटी और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बीच समझौता।

000

राज्य सरकार ने 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं के लिए विशेष सहायता पैकेज को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज जयपुर में 'बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट' की छठी बैठक में ये स्वीकृति दी गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को गति मिलेगी। सरकार का लक्ष्य इन बड़ी परियोजनाओं के जरिये राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाना और आर्थिक प्रगति को सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ और मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

000

केन्द्र ने एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड के शुभारंभ को मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की कल हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक में लिये गये निर्णयों के बारे में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को जानकारी दी। श्री वैष्णव ने बताया कि भारत के बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को एक बड़ा प्रोत्साहन देते हुए मंत्रिमंडल ने स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण की स्थापना को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढावा देने के लिए पूंजी जुटाना है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने आज कोटा के कनवास में 37 करोड़ 28 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 18 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से बना 132 केवी जीएसएस और जालिमपुरा में सामुदायिक भवन का विस्तार शामिल है। इसके साथ ही 9 करोड़ रुपये की लागत वाले पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन तथा धूलेट और खजूरना में नए बिजली ग्रिड की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के हजारों किसानों और विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कुंभलगढ़ दुर्ग पर पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल से ऊपरी भाग तक ई–कार्ट चलाने के निर्देश दिए हैं। आज कुंभलगढ़ में राजसमंद और चित्तौड़गढ़ दुर्ग के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्ग आने वाले प्रत्येक पर्यटक की पहुँच आसान बनाना प्रशासन और विभाग का उत्तरदायित्व है। श्री शेखावत ने दुर्ग पर पार्किंग की समस्या का स्थायी समाधान निकालने, पेयजल व्यवस्था सुचारू करने और ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी के लिए क्यूआर कोड लगाने को कहा। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दुर्ग पर लोक संगीत कार्यक्रम और हेरिटेज वॉक शुरू करने के निर्देश भी दिए। चित्तौड़गढ़ दुर्ग के संबंध में उन्होंने

सूरजपोल पाथ–वे का कार्य इसी साल पूरा करने और पद्मिनी पैलेस के कार्यों में तेजी लाने को कहा।

000

डाक विभाग ने देश की समृद्ध और विविध कठपुतली परंपराओं का उत्सव मनाने के लिए भारत की कठपुतली विषय पर आठ स्मारक डाक टिकटों का सेट जारी किया। विभाग की सचिव वंदिता कौल ने नई दिल्ली में सांस्कृतिक जगत के कलाकारों और सदस्यों की मौजूदगी में यह टिकट जारी किया। इस अवसर पर सुश्री कौल ने कहा कि इस विशेष अंक में उन अमर कहानीकारों को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने पीढ़ियों से भारत की लोककथाओं और मूल्यों को संरक्षित किया है।

000

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य हर कार्यक्षेत्र को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाना और उन्हें समान कार्य अवसर प्रदान करना है। नई दिल्ली में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला और बाल विकास पोर्टल ने महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर अपनी शिकायतें दर्ज कराना आसान बना दिया है।

सुश्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि एक लाख से अधिक कार्यस्थलों ने इस केंद्रीकृत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अभियान में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

000

डूंगरपुर में राजीविका द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'राज सखी मेले' ने ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को नया आयाम दिया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये महिला स्वयं सहायता समूहों ने यहाँ हस्तनिर्मित कपड़ों, पारंपरिक मोजड़ियों और हर्बल गुलाल जैसे उत्पादों का प्रदर्शन कर अच्छी कमाई की। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बिचौलियों को हटाकर महिलाओं को सीधा बाजार उपलब्ध कराना था। महिला उद्यमी तुलसी चौहान ने बताया कि हस्तशिल्प के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं ने न केवल अपनी आय बढ़ाई, बल्कि आत्मविश्वास के साथ उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाए हैं।

000

जोधपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 'जलवायु परिवर्तन उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना की जाएगी। इसके लिए संस्थान और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बीच 150 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। राज्य बजट 2025–26 में घोषित इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान और सरकारी नीतियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। यह केंद्र सूक्ष्म स्तर पर जलवायु और वायु प्रदूषण के मानचित्र तैयार करेगा। इसके साथ ही लू, बाढ़ और सूखे जैसी चरम मौसमी घटनाओं के लिए रियल–टाइम पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की जाएगी। यहाँ एक एकीकृत जलवायु डेटा हब भी बनाया जाएगा, जिससे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तकनीकी क्षमता बढ़ेगी और विद्यार्थियों को पर्यावरणीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान पर कार्य करने का अवसर मिलेगा।

000

राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने आज प्रतापगढ़ में राज्य बजट 2026–27 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि इस बजट का आकार 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये है। प्रतापगढ़ जिले के बड़ी सादड़ी में सड़क निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये और जाखम बांध आधारित पेयजल परियोजना की डीपीआर के लिए 1 करोड़ 37 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। सुहागपुरा में नया बिजली ग्रिड सब–स्टेशन और राजपुरिया में पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। इसके अलावा जिला कारागृह में बंदियों के लिए लॉकर्स और बच्चों के लिए चिल्ड्रेन होम बनाया जाएगा। 5 हजार 900 करोड़ रुपये की अनास नदी जल परियोजना से भी जिले को लाभ मिलेगा।

000

महाशिवरात्री का पर्व कल मनाया जाएगा। इसके लिए राज्य के शिवालयों में तैयारियां की जा रही हैं। सवाई माधोपुर के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में आज से वार्षिक मेला शुरू हुआ। ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ यह मेला 19 फरवरी तक चलेगा।

000

पाली के सादड़ी में भी अरावली पर्वतमाला पर स्थित परशुराम महादेव मंदिर में कल चार पहर की आरती और भस्म आरती की जाएगी। यहाँ श्रद्धालुओं के लिए गुफा मंदिर के पट 24 घंटे खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व लोककल्याण और सेवा की प्रेरणा देता है।

000

जैसलमेर के सोनार दुर्ग में 'ईट राइट इंडिया' अभियान के तहत आज 'ईट राइट मेले' का आयोजन किया गया। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस मेले में स्थानीय लोगों के साथ देशी-विदेशी सैलानियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले का मुख्य उद्देश्य बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाज यानी मिलेट्स के सेवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पौष्टिक भोजन का संदेश प्रसारित करना था। यहाँ विभिन्न स्टालों के माध्यम से मिलेट्स से बने व्यंजनों की पोषकता की जानकारी दी गई। सैलानियों ने विभाग के इस नवाचार की सराहना की।

000

श्रीगंगानगर की श्रीकरणपुर नगर पालिका ने बुजुर्गों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा सेवा शुरू की है। इसके तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को जन्म, मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज अब घर बैठे ही उपलब्ध कराए जाएंगे। राज्य में इस तरह की 'डोर स्टेप डिलीवरी' सेवा शुरू करने वाली यह पहली नगर पालिका है। साथ ही, बुजुर्ग महिलाओं को अस्पताल, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड तक छोड़ने के लिए भी निशुल्क ई-रिक्शा सेवा दी जाएगी। इन रिक्शों का संचालन महिला चालक ही करेंगी। इसके लिए लाभार्थी को केवल फोन करना होगा।

000